मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-621
14/12/2023

# मुख्यमंत्री ने बिहार बिजनेस कनेक्ट– 2023 के प्लेनरी सेशन का किया उद्घाटन

पटना, 14 दिसम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में बिहार बिजनेस कनेक्ट– 2023 के प्लेनरी सेशन का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत् उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान अडानी ग्रुप के निदेशक श्री प्रणव अडानी, नाहर ग्रुप इंडस्ट्री के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री कमल ओसवाल, ए0एम0डी0 के चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर श्री हंसमुख रंजन ने बिहार में अपनी–अपनी कंपनियों द्वारा किए जा रहे निवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और सभी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार में किए जा रहे कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा की। शिक्षा, नारी सशक्तीकरण, सोशल रिफॉर्म, लॉ एंड ऑर्डर, इंफ्रास्ट्रक्चर और कृषि क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा की और कहा कि बिहार में काफी बदलाव आया है और यहां निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। हमलोग बिहार सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं कि बिहार में उद्योग लगाने के लिए हमलोगों को मौका दे रही है।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौन्ड्रिक ने बिहार में उद्योग लगाने की संभावनाओं को लेकर एक प्रस्तुतीकरण दिया और बिंदुवार विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत के पूर्व विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनके उत्पादों एवं कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौन्ड्रिक ने मुख्यमंत्री को शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लॉजिस्टिक पॉलिसी– 2023 का लोकार्पण किया और साथ ही उद्योग विभाग के कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम के दौरान बिहार में उद्योग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग एवं प्रमुख कंपनियों के बीच बिहार में निवेश प्रस्ताव से संबंधित एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ और एक–दूसरे को हस्तांतरित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन कंपनी, पटेल एग्री इंडस्ट्री, हॉलटेक इंटरप्राइजेज कंपनी, इंडो–यूरोपियन हर्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशन, देव इंडिया प्रोजेक्ट शामिल है।

मुख्यमंत्री ने अडानी ग्रुप के निदेशक श्री प्रणव अडानी, नाहर ग्रुप इंडस्ट्री के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री कमल ओसवाल, ए0एम0डी0 के चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर श्री हंसमुख रंजन, पटेल एग्री इंडस्ट्री के निदेशक डॉ0 दिलीप कुमार, टाइगर कंपनी के चीफ एक्जक्यूटिव ऑफिसर श्री महेश कुमार, हाईस्प्रिट कॉमर्शियल वेंचर के प्रबंध निदेशक श्री तुषार जैन, माइक्रोमैक्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री राजेश अग्रवाल, वी टू रिटेल के श्री राम अग्रवाल को प्रतीक चिह्न एवं शॉल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने भारत के उद्योग जगत से जुड़े

विभिन्न प्रतिनिधियों तथा 16 अन्य देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनका स्वागत, अभिनंदन किया तथा बिहार में पधारने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि बिहार सरकार उन्हें हर तरह की मदद और सुविधा प्रदान करेगी।

कार्यक्रम में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पथ निर्माण, स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौंड्रिक, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, उद्योग विभाग के निदेशक श्री पंकज दीक्षित सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं उद्योग जगत् से जुड़े गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

******